हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 18 फरवरी 2025

11 अपेक्स कॉन्वेंट में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



12 बिल न देने पर अस्पताल ने डेड बॉडी देने से किया इंकार...



## खबर संक्षेप

### ठुईयां में कैंटर के नीचे आने से युवक की मौत

**भट्टूकलां।** खंड के गांव ठुईयां में कैंटर के नीचे आने से एक युवक की मौत होने का समाचार है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव ठुईयां निवासी शंकर पुत्र भूप सिंह ने रविवार देर रात को अपने कैंटर में नरमा लोड करके कैंटर को ऊंचाई पर खड़ा कर दिया था। सोमवार को उसने नरमा बेचने के लिए मार्किट में जाना था।

### आश्रम को भेंट की गई 7 लाख की एम्बुलेंस

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे बाईपास पर स्थित सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं की सेवा के लिए शहर के गर्ग परिवार द्वारा एम्बुलैंस भेंट की गई है। इस एम्बुलेंस की कीमत करीब 7 लाख रुपये है। सोमवार को आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में गर्ग परिवार की तरफ से यह एम्बुलैंस आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल व अशोक भुकर को सौंपी गई। संत शिरोमणी परमहंस श्री श्री 108 डॉक्टर स्वामी सदानंद जी महाराज की प्रेरणा से अशोक गर्ग ने अपनी पत्नी मोनिका गर्ग के साथ अपनी माता सावित्री देवी गर्ग के आशीर्वाद एवं अपने पिता परमधामवासी राजकुमार गर्ग, सोमा सिटी वाले की पुण्य स्मृति में यह एम्बुलैंस भेंट की है। इस

### बाइक की टक्कर से किसान घायल

**फतेहाबाद।** गांव सनियाना में एक तेजगति मोटरसाइकिल ने सडक़ किनारे खड़े किसान में सीधी टक्कर दे मारी। इस हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सनियाना हाल आदर्श नगर, उकलाना निवासी कृष्ण ने कहा है कि उसकी सनियाना में जमीन है और वह खेतीबाड़ी का काम करता है।

### दोस्त को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने भट्टू रोड पर एक युवक को गोली मारने के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पकड़ लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान विकास उर्फ विक्की पुत्र कृष्ण चंद निवासी मानावाली के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 जनवरी को गांव सिरढ़ान निवासी रमन उर्फ कान्ती की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी दोस्ती विकास उर्फ विक्की के साथ थी।

### प्लाट की चारदिवारी तोड़कर कब्जे की कोशिश, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** टोहाना में रतिया रोड स्थित बुढलाडा कालोनी में एक महिला के प्लाट पर कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती चारदिवारी तोडक़र कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने एसपी फतेहाबाद को शिकायत दी। इसके बाद इस मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पुराना मॉडल टाऊन, रेलवे रोड टोहाना निवासी शुभकमल ने कहा है कि उसने रतिया रोड पर बुढलाडा कालोनी में दो प्लाट खरीदे हुए है, इनमें से एक प्लाट उसके भतीजे प्रशांत के नाम है। उन्होंने प्लाटों की चारदिवारी, कमरा, रसोई व बाथरूम बनाया हुआ है।

## चेयरमैन पद के लिए 9 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

# भाजपा से वीरशांति स्वरुप तो कांग्रेस से जसविंद्र कौर उतरे चुनावी मैदान में

भाजपा-कांग्रेस में होगी सीधी टक्कर, इनेलो, जजपा व आम आदमी पार्टी चुनाव को बनाएगी रोचक









सिरसा। भाजप उम्मीदवार शांतिस्वरुप का नामांकन भरवाते पार्टी नेता, कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन दाखिल करते विधायक गोकुल सेतिया, जजपा उम्मीदवार लक्की चौधरी का नामांकन दाखित करते पार्टी नेता तथा इनेलो प्रत्याशी ओमप्रकाश का पर्चा भरवाते विधायक अर्जुन चौटाला। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद चुनाव को लेकर सोमवार को अंतिम दिन कांग्रेस, भाजपा, इनेलो, जजपा व आम आदमी पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए। चेयरमैन पद के लिए 9 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इनेलो समर्थित ओमप्रकाश के कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर अरविंद कुमार, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जसविंद्र कौर के कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर हरप्रीत पुत्री गुरनाम सिंह ने भी पर्चा दाखिल किया है। राजेंद्र कुमार निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। भाजपा की ओर से वीरशांति स्वरुप ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं मंत्री रणबीर गंगवा, सांसद सुभाष बराला व पार्टी के स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में नामांकन भरा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी जसविंद्र कौर ने विधायक गोकुल सेतिया की मौजूदगी में पर्चा भरा। इसी प्रकार इनेलो की ओर से ओमप्रकाश ने रानियां से विधायक अर्जुन चौटाला व पार्टी जिलाध्यक्ष के साथ नामांकन दाखिल किया। वहीं जजपा की ओर से लक्की चौधरी तथा आम आदमी पार्टी की ओर से कविता नागर ने पार्टी के जिलाध्यक्ष व स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होने के कारण लघुसचिवालय में काफी भीड़ रही और देर शाम तक आवेदन जमा करवाए गए। इससे पहले नेहरू

### भाजपा-कांग्रेस में होगा सीधा मुकाबला

उल्लेखनीय है कि सिरसा शहर के नगर परिषद चुनाव में अनुसूचित जाति वर्ग से चेयरमैन चुना जाना है। साथ ही 32 वार्डों में पार्षद चुने जाएंगे। इसके लिए 2 मार्च को चुनाव होगा। 12 मार्च को मतों की गणना के बाद नतीजे घोषित होंगे। मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच होने की संभावना है। क्योंकि बीजेपी प्रदेश की सत्ता में है, जबकि सिरसा से विधायक व सांसद कांग्रेस के हैं।

### भाजपा उम्मीदवारों ने 32 वार्डों के लिए भरे नामांकन

भाजपा नगर परिषद चुनाव अपने चुनाव चिह्न पर लड़ रही है। सोमवार को 32 वार्डों के लिए सभी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है। इससे पहले सभी उम्मीदवार नेहरू पार्क में एकत्रित हुए और यहां से काफिले के रूप में लघुसचिवालय पहुंचे। उधर, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों व आजाद मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने रिटार्निंग अधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किए हैं।

## जाखल नपा प्रधान पद के लिए भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्र मित्तल ने भरा नामांकन



**जाखल।** जिले की जाखल नगरपालिका चुनाव में प्रधान पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल ने सोमवार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और चुनाव प्रभारी विशंभर सिंह बाल्मीकि सहित भाजपा की जिला कार्यकारिणी के प्रमुख नेता उपस्थित रहे। नामांकन से पूर्व आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने विश्वास जताया कि जाखल की जनता ट्रिपल इंजन सरकार का समर्थन करेगी। बेदी ने सुरेंद्र मित्तल को साफ-स्वच्छ छवि का नेता बताते हुए उनके पक्ष में मतदान की अपील की। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने भी जनता से मित्तल के समर्थन की मांग की।



रतिया। नींव खुदाई से पूर्व पूजा अर्चना करते श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य।

## भूमि पूजन के साथ श्री खाटू श्याम मंदिर की नींव की खुदाई शुरू

- श्याम मंदिर शिलान्यास के उपलक्ष्य में समारोह 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा सोमवार को भूमि पूजन के साथ श्री खाटू श्याम मंदिर की नींव की खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। इसमें श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट, श्री लखदातार श्याम परिवार सोसाइटी, श्री श्याम युवा मित्र मंडल व अन्य धर्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व सदस्यों ने भाग लिया। ट्रस्ट के प्रधान राज कुमार सिंगला राजू करंडी, सचिव मिट्ठू सिंगला व अन्य ट्रस्ट सदस्यों ने बताया कि 21 फरवरी शुक्रवार को श्री श्याम मंदिर शिलान्यास के उपलक्ष्य में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम मंदिर शिलान्यास समारोह से पहले 20 फरवरी को दोपहर सवा 12 बजे भव्य निशान यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। जो की श्री कृष्ण गौशाला स्थित राधा कृष्ण मंदिर से शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री कृष्ण गौशाला एक्सचेंज रोड समीप स्थित नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मंदिर के पावन स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि शिलान्यास समारोह के अवसर पर 21 फरवरी को सुबह सवा 9 बजे भूमि पूजन कर मंदिर की नींव रखी जाएगी। इसके बाद रात्रि सवा 8 बजे श्री खाटू नरेश का भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर ट्रस्ट द्वारा पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है व समस्त शहर वासियों को व आस पास के शहरों में भी इस समारोह में भाग लेने का नियंत्रण दिया जा रहा है। समारोह में बाबा का गुणगान करने के लिए फतेहाबाद से भजन प्रसिद्ध भजन गायिका पलविंद्र पलक, सोनीपत से मयंक अग्रवाल एवं अन्य सहयोगी कलाकार भक्ति रस से ओत-प्रोत समधुर भजनों के माध्यम से बाबा श्याम जी की महिमा का गुणगान करेंगे। समारोह में प्रमुख समाजसेवी प्रवीण गर्ग बतौर मुख्य अतिथि एवं रतिया सेवा समिति धर्मशाला सालासर के प्रधान हरिकेश मंगला, अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बांसल, पंजाबी सभा के प्रधान सतीश हांडा, अशोका पेट्रोलियम के संचालक विपिन बांसल व गर्ग पैट्रोलियम के संचालक वरुण गर्ग बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे।

## नेशनल कॉलेज ने जीती राज्य स्तरीय क्विज स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा





सिरसा। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते कुलसचिव राजेश बांसल।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के सीवी रमन के सेमिनार हॉल में राजनीतिक विज्ञान विभाग के पॉलिटिकल साइंस सब्जेक्ट सोसाइटी के तत्वावधान में एक राज्य स्तरीय क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.राजेश बंसल ने शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की पहल न केवल बच्चों के शैक्षणिक अध्ययन को मजबूत करती है बल्कि शिक्षा के साथ-साथ आपको अपना मूल्यांकन करने का मौका भी देती है। यह प्रतियोगिताएं भविष्य की चुनौतियों से निपटने में भी आपकी कैपेसिटी बिल्डिंग करती है। प्रो. राजवीर सिंह दलाल ने करते हुए बताया कि राज्य स्तर की हुई इस क्विज प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 19 कॉलेज तथा यूनिवर्सिटी के टीचिंग व यूएसजीएस डिपार्टमेंट द्वारा हिस्सा लिया गया। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट नेशनल कॉलेज सिरसा के प्रतिभागियों प्रदीप कुमार, मनोज कुमार तथा सोनू ने प्रथम स्थान अर्जित किया। द्वितीय स्थान डिपार्टमेंट ऑफ लॉ, सीडीएलयू सिरसा के प्रतिभागियों अनिल कुमार, सागर तथा रमन ने हासिल किया। तीसरे स्थान पर जनता गर्ल्स पीजी कॉलेज ऐलनाबाद के प्रतिभागियों नीतू, लक्की तथा मंजू रहे।

## दिग्विजय चौटाला मिले उपायुक्त से, सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। उपायुक्त को किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते दिग्विजय चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने सोमवार को किसानों की मांगों को लेकर उपायुक्त शांतनु शर्मा से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के हल के लिए उन्हें मांगपत्र सौंपा। उनके साथ डबवाली हलके के सात विभिन्न गांवों के किसान भी मौजूद थे। उपायुक्त को मांगपत्र सौंपते हुए जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि हलका डबवाली में रत्ताखेड़ा खरीफ चैनल के किसान पिछले लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं मगर उनकी सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि जब किसानों को पानी चाहिए होता है तो उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिलता। जब बारिश होती है तो बाढ़ आ जाती है। इन दोनों ही परिस्थितियों में किसान आपदा का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि वे अपने किसानों के लिए न्याय मांगने आए हैं। उन्होंने दोहराया कि वे डबवाली को अपना परिवार मानते हैं और उनकी समस्याएं भी अपनी मानते हैं जिनका समाधान वे शासन प्रशासन से मांगते हैं।

## एनएमएमएस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर 13 खिलाड़ियों को डीईओ ने नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



गांव धौलू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर एनएमएमएस की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने इन विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मंच संचालन धर्मवीर मुवाल व राजबीर सिंह ने किया। प्रवक्ता हरविंद्र बागड़ी ने इसका श्रेय विज्ञान अध्यापक कृष्ण लाल, अनिल बेनीवाल, राजेंद्र सिंह तथा कैलाश शर्मा को दिया। कृष्ण लाल ने बताया कि इस सफलता के पीछे स्कूल के प्रिंसिपल विजेंदर सिंह का कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन एवं साकारात्मक दृष्टिकोण के कारण हम विद्यार्थियों को इस परीक्षा में सफल होने के लिए मेहनत करवा पाए।

## किसानों की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते किसान।

हरियाणा किसान मंच ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा किसान मंच बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी के नेतृत्व में उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में प्रदेशाध्यक्ष गुरदीप सिंह, जिलाध्यक्ष नायब सिंह मलड़ी, मग्घर सिंह, जसपाल सिंह, जगसीर सिंह, मनप्रीत सिंह, बोहड़ सिह, बीकर सिंह, जगतार सिंह कुरंगावाली, मेजर सिंह, नरेश कुमार, बूटा सिंह ने बताया कि जिला सिरसा में किसानों के केसीसी की वर्ष 2024 की पात्रता के बावजूद सब्सिडी आज तक नहीं आई है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष जो किसानों को 7 प्रतिशत ब्याज लगाया जाता है, जिनके खाते सही अदायगी पर होते हैं, उन्हें 3 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है, लेकिन सत्र 2024 में यह सब्सिडी जिला सिरसा के किसानों को आज तक नहीं दी गई है। दूसरा नहरी पानी जो दो सप्ताह चलता था, अब पीछे से 7 दिन ही नहर चलती है, जिस कारण किसानों को सिंचाई में बेहद समस्या आ रही है।

**समाधान शिविर** जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें : नगराधीश

## सीटीएम ने सुनी नागरिकों की समस्याएं 6 में से 2 शिकायतों का किया समाधान

अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते नगराधीश गौरव गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश गौरव गुप्ता ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में कुल 6 शिकायतें आई, जिनमें से 2 शिकायतों का निवारण किया गया। नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं। मुख्य रूप से जल आपूर्ति, स्वच्छता, बिजली, सडक़ मरम्मत, राजस्व से जुड़ी शिकायतें, पेंशन, बीपीएल कार्ड, आवास योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। नगराधीश गौरव गुप्ता ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। सीटीएम ने भी नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का उचित समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर काम करें और सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सरकार के निर्देशों पर जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान किया जा रहा है। शिविर में लोगों को उनकी समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान मिल रहा है। उन्होंने जिला के नागरिकों से कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे शिविर में आएं।



### जाखल पुलिस ने चोरी के मामले में दो युवकों को किया गिरफ्तार, गहने व नकदी बरामद

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने गांव सिधानी में एक मकान से गहने व नकदी चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान राहुल पुत्र प्रेम कुमार व अंकुश उर्फ यश पुत्र रणधीर सिंह निवासी सिधानी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 20 हजार की नकदी, 2 सोने की अंगुठियां बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना जाखल प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 जनवरी को गांव सिधानी निवासी संजीव कुमार शर्मा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह रिश्तेदारी में पंजाब गया हुआ था तो पीछे से अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए और वहां से डेढ़ तोले सोने, 20 तोले चांदी के जेवर व 80 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में जाखल पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे गहने व नकदी बरामद की। पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में पहले भी पुलिस एक आरोपी को जेल भेज चुकी है।

हरिभूमि सहेली



अपने आपको अंडर-एस्टीमेट करना या कहें कमतर आंकने का मतलब है, आपमें सेल्फ-एस्टीम की कमी है। इसका असर आपकी पर्सनल लाइफ में आपके रिश्तों पर, प्रोफेशनल लाइफ में आपकी प्रोग्रेस पर और मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। मेंटल हेल्थ बिगड़ने से तो जीवन में दूसरी बहुत-सी रुकावटें, समस्याएं जन्म लेती हैं। आप कैसे पहचानें कि लो सेल्फ एस्टीम की शिकार हैं, इससे कैसे जल्द से जल्द उबर कर आप अपना स्वस्थ, सफल और सुखी जीवन जिएं। आपके लिए बहुत ही जरूरी सलाह।

# कहीं आप सेल्फ-एस्टीम की कमी के शिकार तो नहीं

कवर स्टोरी
ललिता गोयल

क्या आप खुद को नापसंद करती हैं, दूसरों से कम समझती हैं, हमेशा किसी न किसी बात के लिए खुद को कोसती रहती हैं, अपने आप पर विश्वास नहीं करतीं, खुलकर अपनी तारीफ स्वीकार नहीं कर पातीं, हर गलत बात के लिए अपने आपको दोषी ठहराती हैं, आपको कोई भी काम ठीक से न कर पाने की चिंता सताती रहती है? अगर ऐसा है तो ये बातें यह दर्शाती हैं कि आप खुद को कम समझती हैं, आपमें सेल्फ-एस्टीम यानी आत्म-सम्मान की कमी है।

## क्या है सेल्फ-एस्टीम

सेल्फ-एस्टीम या आत्म-सम्मान ऐसी भावना है, जो किसी भी व्यक्ति को उसकी अहमियत का अहसास कराती है। जब हम खुद को समझते हैं, अपनी खूबियों को पहचानते हैं, तब हम खुद को वैल्यू देते हैं। खुद को समझकर और वैल्यू देकर जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाते हैं। एक कामयाब इंसान बनते हैं।

## जीवन में सेल्फ-एस्टीम का होता है बहुत महत्व

किसी भी व्यक्ति में सेल्फ-एस्टीम का होना या न होना, उसकी मेंटल हेल्थ, रिलेशनशिप और प्रोफेशनल ग्रोथ पर गहरा असर डालता है। जिन लोगों में लो सेल्फ-एस्टीम होता है, वे अपनी असफलताओं पर अधिक ध्यान देते हैं और अपनी सफलताओं को नजर-अंदाज करते हैं। इससे उनमें डिप्रेशन और एंग्जाइटी की प्रॉब्लम हो सकती है। सेल्फ-एस्टीम मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाती है। तनाव दूर करती है। जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम होता है, वे किसी से बात करने और उनकी मदद लेने में सहज होते हैं। लो सेल्फ-एस्टीम होने पर वे समाज से कट सकते हैं, जबकि बेहतर सेल्फ-एस्टीम की वजह से वे खुलकर अपनी बात कहते हुए मजबूत रिश्ते बना सकते हैं।

## लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान

सेल्फ-एस्टीम की कमी होने के कारण व्यक्ति अपने किसी भी काम को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं होता है। उसके लिए अपनी जिंदगी के बड़े फैसले लेने में मुश्किलें आती हैं। ऐसे लोग खुद को किसी लायक नहीं मानते, इसी कारण अपनी स्किल्स पर भी काम नहीं कर पाते हैं। कई बार तो कुछ लोगों को यह पता ही नहीं चल पाता कि उनमें सेल्फ-एस्टीम की कमी हो रही है।

## सेल्फ-एस्टीम की कमी के लक्षण

सेल्फ-एस्टीम के लाभ और लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान को जानने के बाद यह जानना भी जरूरी है कि सेल्फ-एस्टीम की कमी होने पर कौन-कौन से लक्षण दिखाई देते हैं।



**खुद को लेकर नेगेटिव रहना:** जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम की कमी होती है, ऐसे लोग ज्यादातर खुद को लेकर नेगेटिव ही रहते हैं। ऐसे लोग खुद को हमेशा किसी न किसी चीज के लिए कोसते रहते हैं। इन्हें हमेशा लग रहा होता है कि इनकी लाइफ में कुछ भी बेहतर नहीं होता है। ऐसे व्यक्ति अपनी जिंदगी को ज्यादा मुश्किल बना लेते हैं, अपना कॉन्फिडेंस खोने लगते हैं।

**कॉन्फिडेंस की कमी होना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी के कारण लोग अपना आत्म-सम्मान खोने लगते हैं। उनके लिए अपने जीवन के छोटे-बड़े फैसले कर पाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे व्यक्ति दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और कोई भी काम खुद करने की कोशिश नहीं करते हैं।



**तारीफ स्वीकार न कर पाना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी वाले लोग हमेशा खुद को दूसरों से कम ही समझते हैं। ऐसे में अगर कोई उनकी तारीफ भी करता है, तो उन्हें लगता है कि तारीफ करने वाला उनकी चापलूसी कर रहा है, वे उस तरह के लायक नहीं है और उनके लिए अपनी तारीफ स्वीकार कर पाना काफी मुश्किल हो जाता है।

**दूसरों को इंप्रेस करते रहना:** दूसरों की किसी क्वालिटी या काम की तारीफ करना अच्छी बात है। लेकिन दूसरों को इंप्रेस करने की कोशिश में सामने वाले की हर बात की तारीफ करना भी सेल्फ-एस्टीम की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में व्यक्ति दूसरों को खुद से बेहतर दिखा रहा होता है और न चाहते हुए भी खुद को दूसरों से कम मानने लगता है। ऐसे में व्यक्ति अपनी तुलना हमेशा दूसरों से करता रहता है, जो उसका कॉन्फिडेंस कम होने का कारण भी बन सकता है। सेल्फ-एस्टीम की कमी होने से मानसिक स्वास्थ्य और आपसी रिश्तों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। धीरे-धीरे आप अपने सेल्फ-एस्टीम को बढ़ा सकती हैं। छोटे-छोटे बदलाव और कुछ आसान कदमों से आप फिर से सेल्फ-एस्टीम की भावना महसूस कर सकती हैं।

## सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के उपाय

लंबे समय तक लो सेल्फ-एस्टीम का शिकार होना मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना चाहिए। अपना सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के लिए क्या उपाय अपनाएं, जानें-

**खुद को दें शाबाशी:** अपनी हर छोटी और बड़ी कामयाबी के लिए खुद को शाबाशी दें, क्योंकि जब तक आप अपनी वैल्यू नहीं करेंगी तब तक दूसरे भी आपको वैल्यू नहीं कर पाएंगे।

**निर्धारित करें अपनी सीमाएं:** अपनी सीमाएं जरूर निर्धारित करके रखें क्योंकि अगर आपकी अपनी कोई सीमा नहीं होगी, तो लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**खुद को बेहतर बनाएं:** अपनी स्किल्स पर काम करना शुरू करें और खुद को बेहतर बनाएं। इससे आपमें कॉन्फिडेंस और आत्म-सम्मान की भावना बढ़ेगी। हर रोज थोड़ा-थोड़ा खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें, यह चीज आपको आत्म-सम्मान बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसलिए खुद पर काम करना शुरू करें।

**खुद को कभी कमतर न आंकें:** खुद से यह कभी न कहें कि मैं कुछ नहीं कर सकती हूं। ऐसा करके आप अपने रास्ते में खुद ही रुकावट डालेंगी। आप खुद को जितना कमतर समझेंगी, आगे बढ़ने में आपको उतनी ही मुश्किल होगी।

**स्वास्थ्य का रखें ध्यान:** अगर आप खुद को महत्वपूर्ण समझती हैं, तो अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। हेल्दी डाइट लें, सही नींद और मानसिक शांति आपके आत्म- सम्मान को बढ़ाती है। इसके लिए रेग्युलर मेडिटेशन और एक्सरसाइज करें।

**अपनी छोटी-छोटी सफलताओं को दें महत्व:** अपनी छोटी-छोटी सफलताओं पर ध्यान दें, जैसे, अपने जिम रूटीन को पूरा करना या किसी मुश्किल प्रोजेक्ट को समय पर खत्म करना।

**निरंतर सीखते रहें:** यह जरूरी नहीं कि आपको सब कुछ परफेक्ट या सही तरीके से करना आता हो। इसलिए किसी भी चीज को सीखना सबसे महत्वपूर्ण है, फिर चाहे वह आपकी नौकरी से संबंधित हो या आपके शौक से जुड़ा हुआ कुछ हो।

**छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं:** बड़ी उम्मीद पालने की बजाय छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं। हर छोटे लक्ष्य की सफलता आपको आत्म-विश्वास और ऊर्जा देगी।

---

बच्चों के एग्जाम की तैयारी करवाना पैरेंट्स के लिए भी कम स्ट्रेसफुल नहीं होता है। लेकिन ऐसे में आपको ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे बच्चे की टेंशन और बढ़े। एग्जाम की तैयारी करवाते समय किन बातों का ध्यान पैरेंट्स रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

# जब करवाएं बच्चे की एग्जाम प्रिपरेशन



एडवाइस
शिखर चंद जैन

मीनल अपने नौ वर्षीय बेटे अंशुल को बुरी तरह डांट रही थी। तभी वहां आई पड़ोस में रहने वाली उसकी सहेली आभा ने पूछा, 'क्या हुआ मीनल, इसने कोई शैतानी की है क्या?'

मीनल ने कहा, 'नहीं आभा, मैं तो इसके पढ़ने के तरीके से परेशान हूं। एग्जाम नजदीक हैं, सब बच्चे बोल-बोलकर पढ़ते हैं, याद करते हैं। एक यह है कि पता नहीं चुपचाप क्या करता रहता है? कभी बोलकर पढ़ता ही नहीं।'

इस पर आभा ने समझाते हुए कहा, 'मीनल हर बच्चे का पढ़ने और याद करने का अपना तरीका होता है। इसे डांटो मत। वह चुपचाप इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स को अपनी सुविधा के लिए अंडरलाइन कर रहा होगा और कॉपी में समरी के रूप में बुलेट प्वाइंट बनाता होगा।' तब मीनल को अपनी गलती का अहसास हुआ।



**बिना वजह डांटने से बचें:** एग्जाम नजदीक आते ही पैरेंट्स अपने बच्चों को उसकी तैयारी करवाने के लिए कमर कसकर जुट जाते हैं। इस प्रेशर में कई पैरेंट्स अपने बच्चों पर न सिर्फ अनावश्यक पाबंदियां लगा देते हैं बल्कि उन्हें बेमतलब डांटते-फटकारते भी हैं। इससे बच्चा टेंशन में आ जाता है। नतीजतन पढ़ाई में उसका मन नहीं लगता। पैरेंट्स को यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके बच्चे का लर्निंग स्टाइल क्या है, उसके अनुसार ही उसे गाइडेंस दें।

**टाइम मैनेजमेंट में हेल्प करें:** अपने बच्चे को परीक्षा की तैयारी में मदद करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उसे टाइम टेबल बनाने के लिए एनकरेज करें। इससे न केवल उसके पास अपने सभी विषयों को पूरी तरह से कवर करने का समय होगा, बल्कि इससे उसका मन भी एकाग्रता से पढ़ने के लिए तैयार रहेगा।

**समझें बच्चे का लर्निंग स्टाइल:** हर बच्चे का चीजों को सीखने, नई जानकारियां हासिल करने और याद करने का अपना ढंग होता है। अगर बच्चा विजुअल लर्नर है तो वह सब्जेक्ट पढ़ते समय प्रमुख बिंदुओं और पंक्तियों को हाईलाइट करेगा, अलग-अलग कलर से प्वाइंट्स बनाएगा और बीच-बीच में नोटबुक में अपनी सुविधा के मुताबिक डायग्राम, ग्राफिक्स या बुलेट प्वाइंट लिखेगा। उसे एजुकेशनल वीडियो देखना भी पसंद हो सकता है। वहीं ऑडिटरी लर्नर बच्चे, विषय को बोल-बोलकर पढ़ते हैं। वे दूसरे बच्चों से डिस्कस करते हैं और एक-दूसरे को विषय सुनाते और समझते भी हैं। कुछ बच्चे हर 15-20 मिनट या आधे घंटे के अंतराल पर उठकर पानी पीते हैं और खिड़की की तरफ झांकने लगते हैं। कुछ बच्चे लगातार दो से तीन घंटे एक ही सिटिंग में पढ़ना पसंद करते हैं। इसलिए बच्चे की लर्निंग स्टाइल पर उसे न टोकें।

**इमोशनल सपोर्ट दें:** बच्चों के लिए एग्जाम टाइम स्ट्रेसफुल होता है। इस दौरान उनके लिए इमोशनल सपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बच्चे की समस्याओं, चिंताओं को सुनने और एनकरेज करते रहें।

**रिविजन के लिए प्रेरित करें:** एग्जाम्स की अच्छी तैयारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है रेग्युलर रिवीजन। इससे बच्चा जो याद करेगा, उसे कभी नहीं भूलेगा।

**रेस्ट करने के लिए भी कहें:** बच्चे एग्जाम की तैयारी के दौरान कई बार मानसिक रूप से थक जाते हैं। उन्हें आराम की जरूरत होती है। नियमित ब्रेक लेने से तनाव को दूर करने में मदद मिल सकती है।

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों के लिए फायदेमंद है मुलेठी

बढ़ते पॉल्यूशन और अव्यवस्थित लाइफस्टाइल की वजह से अधिकतर महिलाएं किसी न किसी हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहती हैं। बालों का असमय सफेद होना, कम उम्र में बालों का झड़ना, कमजोर और पतले बाल जैसी समस्याएं अब बहुत कॉमन हो चुकी हैं। धूल, मिट्टी और पोषण की कमी की वजह से बाल पतले, डल और बेजान होने लगते हैं। आंवला, भृंगराज के साथ-साथ मुलेठी का उपयोग बालों को कोमल चमकदार और जड़ों से मजबूत बनाने में काफी सहायक हो सकता है।

**डेंड्रफ प्रॉब्लम होगी दूर:** अगर आप बालों में रूसी यानी डेंड्रफ की समस्या से परेशान हैं तो मुलेठी का इस्तेमाल कारगर हो सकता है। मुलेठी को पीसकर पावडर बना लें। अब कांच के बाउल में एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद मिला लें और जब यह अच्छे से मिल जाए तो एक चम्मच मुलेठी पावडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होने की वजह से इस हेयर पैक को बालों और सिर पर लगाने से डेंड्रफ की समस्या से निजात मिलेगी। इसे आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**रोकता है हेयर फॉलिंग:** हेयर फॉलिंग और गंजेपन की समस्या से निपटने में भी मुलेठी का हेयर पैक काफी कारगर साबित होता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में एक चम्मच मुलेठी पावडर और कुछ केसर के धागे अच्छी तरह मिलाने के बाद इसमें 1 कप दूध डालकर बने मिश्रण को रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह इसे माइल्ड शैंपू से धो डालें।

**काले बालों के लिए:** अगर आपके बाल असमय सफेद हो रहे हैं तो दही और मुलेठी का पेस्ट कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए दही और मुलेठी पावडर को बराबर मात्रा में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को बालों पर लगाकर सूखने के बाद माइल्ड शैंपू से धो डालें। इस पेस्ट को आप हफ्ते में एक बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**मुलेठी का हेयर मास्क:** हेयर मास्क बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

---

मेडिकल एडवाइस

डॉ. अंशुमाला शुक्ला कुलकर्णी
हेड-मिनिमली इंवेसिव गायनेकोलॉजी, गायनेकोलॉजी लेप्रोस्कोपिक-रोबोटिक सर्जरी
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

महिलाओं से जुड़ी ऐसी बहुत सी बीमारियां हैं, जिनके बारे में उन्हें मालूम नहीं होता और धीरे-धीरे वह बीमारी बड़ा रूप ले लेती है। एंडोमेट्रियोसिस ऐसी ही एक बीमारी है। इस बीमारी के कारण, लक्षण और ट्रीटमेंट के बारे में बता रहे हैं आपको।

# लापरवाही से बढ़ सकती है एंडोमेट्रियोसिस की प्रॉब्लम

कई आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में 10 से 15 प्रतिशत महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं। एंडोमेट्रियोसिस एक लंबे समय तक बनी रहने वाली बीमारी है, फिर भी जागरूकता की कमी और इसके लक्षण बहुत ही सामान्य होने की वजह से अकसर इसका ट्रीटमेंट समय पर नहीं हो पाता है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब यूटेरस के लेयर की तरह एक टिश्यू, यूटेरस कैविटी के बाहर बढ़ने लगता है तो यह ओवरी, फैलोपियन ट्यूब और पेल्विक लिगामेंट को प्रभावित करने लगता है। इस एब्नॉर्मल टिश्यू ग्रोथ की वजह से स्वेलिंग आ जाती है और टिश्यू चिपक जाता है। उसके निशान पड़ जाते हैं, जिससे दर्द होता है और प्रेग्नेंसी में प्रॉब्लम जैसे अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं। इसे ही एंडोमेट्रियोसिस कहते हैं। यह स्थिति महिलाओं में 25 साल की उम्र में शुरू हो सकती है और लगभग 50 साल की उम्र तक जारी रह सकती है। ज्यादातर महिलाएं इस बीमारी से अनजान रहती हैं।



**एंडोमेट्रियोसिस के प्रमुख लक्षण:** पेल्विक एरिया में क्रॉनिक पेन, जो पीरियड्स के दौरान बढ़ता है।

- पीरियड्स की अनियमितता, उन दिनों में बहुत ज्यादा दर्द होना, ज्यादा मात्रा में ब्लीडिंग होना। सेक्स के दौरान दर्द होना।
- शौच या पेशाब करते हुए बहुत दर्द होना।
- पीरियड्स के दौरान थकान, सूजन और वॉमिट फील होना।
- एंडोमेट्रियोसिस की वजह से प्रजनन अंगों को नुकसान होता है और गर्भधारण करने में परेशानी होती है।

**हार्मफुल होती है लापरवाही:** एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। कभी-कभी बहुत हल्के या कम फील हो सकते हैं। कुछ महिलाओं में जब तक उन्हें गर्भधारण करने में कठिनाई न हो, तब तक इसके लक्षण महसूस नहीं होते हैं। इसलिए जब तक गर्भधारण करने में परेशानी न हो तब तक महिलाएं अपनी इन समस्या के लिए डॉक्टर से कंसल्ट नहीं करती हैं। जागरूकता की कमी की वजह से एंडोमेट्रियोसिस का निदान में देरी हो जाती है।

**डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट:** एंडोमेट्रियोसिस का ट्रीटमेंट तभी शुरू हो सकता है, जब कंडीशन पूरी तरह डायग्नोस कर ली जाती है। ट्रांसवेजाइनल अल्ट्रासोनोग्राफी, एमआरआई और मिनिमली इंवेसिव लैप्रोस्कोपिक कुछ ऐसी डायग्नोस्टिक तकनीकें हैं, जिनका उपयोग सटीक निदान के लिए किया जाता है। रोबोट असिस्टेड सर्जरी जैसी उन्नत सर्जिकल मैथड्स ने एंडोमेट्रियोसिस सर्जरी के परिणामों में काफी इंप्रूवमेंट किया है। सर्जरी के लिए कई बार कोलोरेक्टल सर्जन और यूरोलॉजिस्ट के साथ मल्टी-डिसिप्लिनरी डायग्नोसिस की भी जरूरत पड़ सकती है। इसके अलावा, डायग्नोस्टिक स्टेप्स में लक्षणों की जांच के साथ-साथ पूरी मेडिकल हिस्ट्री भी ली जाती है। एंडोमेट्रियोसिस के प्रॉपर ट्रीटमेंट के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी एंगल से डायग्नोसिस पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसे हॉस्पिटल्स जहां गायनेकोलॉजिस्ट्स, रेडियोलॉजिस्ट, पेन स्पेशलिस्ट्स और फर्टिलिटी एक्सपर्ट एक साथ पेशेंट की कंडीशन पर कंसल्ट कर सकते हैं। इससे पेशेंट को उनके लक्षणों, बीमारी के चरण और प्रेग्नेंसी इश्यूज के अनुसार इलाज मिलता है। ट्रीटमेंट में आमतौर पर दर्द के लिए दवा, बीमारी की प्रगति को धीमा करने वाली हार्मोनल थेरेपी और गंभीर मामलों में स्कार टिश्यू और एंडोमेट्रियल ग्रोथ को हटाने के लिए सर्जरी की जाती है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

---

जीवनशैली
डॉ. मोनिका शर्मा

यह सही है कि विवाह के बाद किसी युवती के लिए नए घर, नए परिवार और परिवेश में घुलना-मिलना आसान नहीं होता है। लेकिन अगर आप हर तरह के पूर्वाग्रहों और आशंकाओं से मुक्त होकर, स्नेह-प्रेम के भाव लेकर, पूरी सकारात्मकता के साथ नए जीवन में प्रवेश करेंगी तो सब कुछ आपकी कल्पना से भी सुंदर होगा।

# पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर रखें नए जीवन में अपने कदम

जीवन भर के लिए दो इंसानों के मन जोड़ने वाले वैवाहिक गठबंधन में शुरुआती पड़ाव पर ही समझदारी आवश्यक है। दो परिवारों को एक डोर में बांधने वाला शादी का रिश्ता, इमोशनल और प्रैक्टिकल दोनों ही मोर्चों पर नई शुरुआत ही होता है। संबंधों से लेकर रहन-सहन और सोच-समझ तक, हर पहलू पर इसमें नयापन समाया होता है। जरूरी है कि इस नएपन को सकारात्मक भाव संग अपनाने के लिए हर पूर्वाग्रह से परे होकर नई जिंदगी का स्वागत किया जाए। दुल्हन के मन में भावी जीवन के लिए बंधी-बंधाई सोच नहीं बल्कि सहजता का भाव हो। तयशुदा खांचे या विचार से परे ससुराल और जीवनसाथी से जुड़ाव बनाने की यह संतुलित समझ, सदा के लिए रिश्तों की नींव पक्की कर देगी।

**पूर्वाग्रहों से बचें:** सबसे पहले तो यह समझ लें कि यह जीवन की नई शुरुआत है। अपने मन को भी पूरी तरह इस नएपन से जोड़ें। सुनी-सुनाई बातों के प्रति अपना रुख सहज रखने का प्रयास करें। देखने में आता है कि वैवाहिक जीवन से जुड़े बहुत से पहलू बदलने के बावजूद युवतियां शादी के बंधन को लेकर भयभीत रहती हैं। कई बार इस तयशुदा सोच को अपने-पराए अपनी राय के रूप में खाद पानी भी खूब देते हैं। ऐसे पूर्वाग्रहों को दिलो-दिमाग से निकाल दें। अब सोशल सिस्टम में बहुत कुछ बदल गया है। पारिवारिक परिवेश में भी कितने ही नए बदलावों को सहज स्वीकार्यता मिली है। अपने रिश्तों को जीवंत रखने के लिए, नए जीवन की शुरुआत करते हुए हर तरह के पूर्वाग्रह से बचें।

**शंकाओं से न घिरें:** संदेह की बुनियाद पर वैवाहिक रिश्ते का भवन नहीं बनाया जा सकता है। इसीलिए शादी के पहले या बाद में, मन में आई हर शंका का हल व्यावहारिक रूप से तलाशें। घर से बड़ों को सही जानकारी लेने को कहें। कोई उलझन हो तो आज की शिक्षित सजग युवतियों को स्वयं ही स्पष्ट सवाल कर बात क्लीयर कर लेनी चाहिए। एक ओर भावी जीवनसाथी का सोशल मीडिया प्रोफाइल देखकर व्यक्तित्त्व को जरा विशेष समझने की गलतफहमियां पैदा हो जाती हैं तो दूसरी ओर दिखावे के बर्ताव से दूर सधे-संयमित व्यक्तित्त्व को कमजोर समझ लिया जाता है। संवाद की अति और सूचनाओं के समंदर में जाने कितनी ही शंकाएं-आशंकाएं मन को घेर लेती हैं। उस घर की बेटी के साथ तो ऐसा हुआ या फलाने रिश्तेदार की बेटी ने क्या-क्या झेला? जैसी बातें नए रिश्ते के प्रति शंकाएं बढ़ाती हैं। जाने-अनजाने पूर्वाग्रहों के बीज बोती हैं। ऐसे में किसी शंका का समाधान करने की राह चुनें न कि शक के घेरे में और उलझती जाएं। ऐसी बातें वेडिंग एंजाइटी बढ़ाती हैं। फिक्र के घेरे में आप शादी के खुशनुमा पलों को भी नहीं जी पाएंगी।



**समझें रस्मों में निहित संदेश:** बेटी को लक्ष्मी मानने वाले हमारे समाज में विदाई के समय पीछे की ओर चावल फेंकने की एक रस्म भी होती है। यह रिवाज न केवल बिटिया के जाने के बाद भी मायके में धन-धान्य बने रहने से बल्कि इस बात से भी जुड़ी है कि वह हर नकारात्मकता और पूर्वाग्रह को पीछे उड़ेलकर नए जीवन की ओर कदम बढ़ा रही है। विवाह आयोजन आपके और आपके अपनों के लिए खुशियों को जीने का अवसर है। इस अवसर को सकारात्मकता से अपनाएं।

### सलाहों के फेर में ना फंसें

**शादी कैसे** निभाई जाए? नए रिश्तों को कैसे साधा जाए? लाइफ पार्टनर को कैसे समझा जाए और यहां तक कि नई जिंदगी में कैसे सब कुछ अपने हाथ में लिया जाए? जैसी सलाहें अपने ही नहीं पराए भी खूब देते हैं। मिसाल के तौर पर, 'उसने तो शादी के बाद पहले दिन से ऐसा किया। इसने तो शुरू से ही किसी की नहीं सुनी। देखो, एक बार ससुराल में सबकी बात मानी तो फिर तुम्हारी कोई नहीं सुनेगा। तुम किसी मामले में कम हो क्या?' लंबी फेहरिस्त में न समाने वाले ऐसे उदाहरण मन को डिगाने वाले होते हैं। साथ ही क्या और कैसे किया की रणनीति वाली सलाहें भी दिलो-दिमाग को उलझा देती हैं। ध्यान रहे कि हर घर का माहौल अलग होता है। इन बातों की बुनियाद पर अपना दृष्टिकोण न बनाएं। सहजता से सब संभाल लेने का सकारात्मक भाव रखें।

**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने गांजा सहित दो आरोपी दबोचे

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान चंडीगढिया मोहल्ला सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 2 किलो 396 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान चंडीगढिया मोहल्ला सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र मौके से खिसकने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से हजारों रुपए का 2 किलो 396 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान जोगिंद्र सिंह उर्फ मोंटू पुत्र गुड्डू निवासी टिनगा जिला हरदोई उत्तर प्रदेश हाल चंडीगढिया मोहल्ला सिरसा के रुप में हुई है।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया काबू

**डबवाली।** थाना शहर डबवाली पुलिस ने दुष्कर्म करने व पॉक्सो अधिनियम तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी इंद्र सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी ढाणी शेखपुरा बठिंडा पंजाब को गिरफ्तार किया है। थाना शहर डबवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़िता निवासी गांव डबवाली की मां के बयान पर आरोपी द्वारा उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने पर थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी इंद्र सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी ढाणी शेखपुरा बठिंडा पंजाब को काबू किया है। आरोपी इंद्र सिंह छह साल से फरार चल रहा था।

### 30.38 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव घुकांवाली से एक युवक को लाखों 30.38 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई कुलवीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव ओढां से गांव घुकांवाली की ओर जा रहे थे। घग्गर माइनर पुलिया पर पहुंचे तो एक युवक पुलिया पर खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर मौके से भागने का प्रयास करने लगा।

मैदान में उतरे नन्हें सितारे और उनके अभिभावक

# अपेक्स कॉन्वेंट में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**एरेना शीर्षक पर आधारित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। अपैक्स में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चों के अभिभावक। फोटो: हरिभूमि

सतीश कॉलोनी स्थित अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में चैंपियंस एरेना शीर्षक पर आधारित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर इस दिन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालन समिति के सतीश चराईपौत्रा, चंद्र चराईपौत्रा, अमित मक्कड़, रीत मक्कड़ और प्राचार्य उमंग कक्कड़ ने मशाल जलाकर किया। खेल में हरी झंडी दिखाने के साथ ही निदेशक ने अपने संदेश में कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क जैसी जीवन की महत्वपूर्ण क्षमताएं भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान वेलकम डांस और चक दे इंडिया डांस परफॉर्मेंस ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। खेलों में लेग लॉक चैलेंज , स्किपिंग फन, सिक्वेंस स्टेक, बैलेंस मास्टर, ग्लास एंड बॉल बैलेंस तथा स्ट्रा एंड ग्लास रिले प्रतियोगिताएं शामिल थीं। खास आकर्षण अभिभावकों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताएं रहीं, जिनमें अभिभावकों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम कक्षा अनुसार इस प्रकार घोषित किया गया। पीएस वन में ट्यूलिप से गुरफतेह ने स्वर्ण पदक, यमी ने सिल्वर और कियान ने रजत पदक प्राप्त किया। ऑरचिड में कियांश प्रथम, वेदांत द्वितीय और जायल तृतीय रही। पीएस टू के ट्यूलिप में रिदित प्रथम, हयांश द्वितीय, गुनिका तृतीय रही। ऑरचिड में युवान प्रथम, देवेन द्वितीय और गार्वी तृतीय रही। पीएस श्री के ट्यूलिप में राधवी, हर्ष और अगमजोत क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे। इसी तरह पीएस श्री के ऑरचिड में हार्दिक, देवेश गोयल, यशवी प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। पीएस श्री डेजी में समर्थ, मेहताब सिंह और दिव्यम प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे।

**विजेताओं को किया सम्मानित**

ग्रेड वन में एक्सप्लोरर से कविश, ध्रुविका और गहन, इनोवेटर में पूर्व, दिविज और अनाहिता, फ्रंटियर में नव्या, आराध्या, लव्यम, ग्रेड टू के एक्सप्लोरर में वोरांश, कौनाक्श और दीक्षित, इनोवेटर में अयान, परीशा नागपाल और हेमान्या, फ्रंटियर में एकनूर, कीरत और अनिरुद्ध, ग्रेड 3 के एक्सप्लोरर से अयान, सूर्यांश और परीक्षित, इनोवेटर से जीविका, प्रियांशी और अरहान क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया।

# सुनील शास्त्री बने एबीवीपी के हरियाणा प्रदेश सहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा तीन दिवसीय 56वें प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा फरीदाबाद में आयोजित तीन दिवसीय 56वें प्रांतीय अधिवेशन में सिरसा से सुनील शास्त्री को हरियाणा प्रदेश सह मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दायित्व सौंपा है। सुनील शास्त्री ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रांतीय अधिकारी संजय कसवां, डॉ. सुशील मेहता व राहुल वर्मा का आभार जताया। इस मौके पर आशीष चौहान ने कहा कि अभावि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों की समस्याओं को समय-समय पर उठाता रहता है। उन्होंने कहा कि अभाविप युवाओं को संगठन में शामिल कर उन्हें आगे लाने का अवसर दिया जा रहा है। उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री गौरव अत्री ने अधिवेशन में आए युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गौरव अत्री ने कहा कि छात्र शक्ति असुविधा नहीं, बल्कि राष्ट्र शक्ति है। वर्तमान का युवा न केवल समस्याओं का समाधान निकालने में सक्षम है अपितु वह आज भारत को विश्व गुरु के पद तक भी पुनः पहुंचा सकता है। उन्होंने अभाविप के 75 वर्षों की कड़ी मेहनत पर प्रकाश डालते हुए युवाओं की भूमिका को समाज में प्रासंगिक बताया। गौरव अत्री ने अपने संबोधन में एक व्यक्ति से शुरू होने वाली परिवर्तन की श्रृंखला पर जोर देते हुए पंच परिवर्तन को समझने और जीवन में अपनाने पर जोर दिया।

# 70 किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की टीम की कार्रवाई

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट फतेहाबाद की टीम ने ऐलनाबाद थाना क्षेत्र से एक महिला व एक पुरुष को करीब 6 लाख रुपये कीमत की 70 किलो डोडापोस्त सहित धर दबोचने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 23 हजार रुपये की नगदी भी बरामद की गई है। ऐलनाबाद थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की टीम को सूचना मिली कि ऐलनाबाद में गांव काशी का बास से किशनपुरा रोड से ढाणी शरोवाली पर एक महिला व एक पुरुष पोस्त तस्करी की फिराक में है। इस आश्य की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपियों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 70 किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त और 23 हजार रुपये की नगदी बरामद हुई। पूछताछ पर आरोपी महिला की पहचान शारदा पत्नी ओमप्रकाश निवासी धनासर तहसील रावतसर और पुरुष की पहचान शुभकरण पुत्र मदन लाल निवासी गांव भगवान तहसील नोहर के रूप में की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना ऐलनाबाद में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सिद्ध बाबा बालकनाथ की निकली शोभायात्रा

**सिरसा।** सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ के झंडे की वार्षिक शोभा यात्रा शहर में बड़े हर्षोल्लास एंव धूमधाम से भगत विजय कपूर व भगत सुरेश गुप्ता की अगुवाई में निकाली गई। शोभा यात्रा ए-ब्लाक स्थित राज कुमार के निवास से आरम्भ होकर इंद्रपुरी मोहल्ला, मुल्तानी कॉलोनी, पुराना सरकारी अस्पताल रोड, हिसार रोड, बेगू रोड, काठमंडी से होती हुई अग्रसेन कालोनी स्थित अनिल शर्मा के निवास स्थान पर पहुंची। इसके बाद पैदल शोभा यात्रा अग्रसेन कालोनी से प्रारंभ होकर कीर्ति नगर, आटो मार्किट, हरि विष्णु कालोनी, कंगनपुर रोड़, भारत नगर से होती हुई मंदिर सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ व दुर्गा माता मंदिर में सम्पन्न हुई। जहां पर लुधियाना, बठिंडा, रानियां आदि शहरों से आई संगत एव भजन मंडलिया ने बाबा का गुणगान किया।

# बड़ागुढ़ा पीएम श्री स्कूल में लेखक संपादकीय क्लब गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। कार्यक्रम में भाग लेते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो: हरिभूमि

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ागुढ़ा में सोमवार को लेखक संपादकीय क्लब गठन किया गया जिसमें 18 फील्ड सदस्य व 7 डेस्क सदस्य और 4 संरक्षक बनाए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पत्रकार गुरनैब ददीवाल पहुंचे। फील्ड संरक्षक अमित शर्मा व महेंद्र बोस ने पत्रकारिता के महत्व, कविता, कहानी, लेखनी विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रा रमनजोत द्वारा कविता के माध्यम से की। मनप्रीत कौर तथा कंचन द्वारा भी कहानी व नाटक की प्रस्तुति पेशकर समां बांधा गया। गठित समूह सदस्यों को ग्राम, विद्यालय, ब्लाक, जिला स्तर पर आज के कार्यक्रम के अनुसार बालिका मंच, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ग्राम पंचायत के कार्य के बारे में रिपोर्ट तैयार करने के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर भौतिक प्रवक्ता प्रभात सरान, समाज शास्त्र अमित शर्मा के अलावा अशोक कुमार, गुरविंद्र सिंह, विक्रम ख्यालिया, सतपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रकाश सानी की 'मेरे अल्फ़ाज़' का विमोचन

- पुस्तक की समीक्षा ज्ञानप्रकाश पीयूष व अनुपिंद्र सिंह अनूप ने की
- प्रकाश सानी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। गज़ल संग्रह मेरे अल्फ़ाज़ का विमोचन करते अतिथि।

साहित्यकार प्रकाश सानी को समर्पित कार्यक्रम पुस्तक लोकार्पण व विचार-चर्चा का आयोजन श्री युवक साहित्य सदन, सिरसा में हुआ। कार्यक्रम में अश्विनी सानी के संपादन में प्रकाशित प्रकाश सानी की पुस्तक मेरे अल्फ़ाज़ का लोकार्पण किया गया। पुस्तक की समीक्षा ज्ञानप्रकाश पीयूष व अनुपिंद्र सिंह अनूप ने की। पुस्तक पर विस्तृत चर्चा करते हुए राजकुमार निजात ने प्रकाश सानी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रो. रूप देवगुण तथा रमेश जींदगर ने उनके साथ बिताए पलों को संस्मरण के रूप में याद किया। गज़लकार प्रकाश सानी की गज़लों को राज वर्मा व रजनीश पिपला द्वारा प्रस्तुत किया गया। सानी परिवार द्वारा मांगाराम पनिहारी को दिए जाने वाले प्रशस्ति पत्र का वाचन नवनीत रेणु ने किया। इस अवसर पर कमल कुमार, हेमंत कुमार, सुरजीत रेणु, प्रो. हरभगवान चावला, परमानंद शास्त्री, सुरेंद्र शर्मा, गंगाधर वर्मा, सुभाष शर्मा, रामसिंह यादव, रमेश शास्त्री, सुरजीत सिरडी, चंद्रमोहन, जयकरण बिरथल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# रतिया व फतेहाबाद में रोजगार मेला 19-20 को

- एलआईसी में भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास तथा आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलवाने के लिए तीन दिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि 19 फरवरी को उप मंडल रोजगार कार्यालय रतिया तथा 20 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय फतेहाबाद में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेलों में एसआईएस कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड तथा एलआईसी द्वारा बीमा सखी व बीमा एजेंट की भर्ती हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती हेतू प्रार्थी की आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तथा शारीरिक मापदंड में प्रार्थी का कद 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रार्थी की न्यूनतम योग्यता 12वीं पास होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि एलआईसी में भर्ती हेतू न्यूनतम योग्यता 10वीं पास तथा आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इस मेले में भाग लेने हेतू प्रार्थियों का हरियाणा के किसी भी रोजगार कार्यालय में नाम दर्ज होना चाहिए।

### इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश और पुनः पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि बढ़ी

**फतेहाबाद।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित स्टडी सेंटर 1031 राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के कोऑर्डिनेटर डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जो छात्र रि-रजिस्ट्रेशन करवाने से वंचित रह गए थे। वे अपना रि-रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इग्नू द्वारा पेश किए गए पाठ्यक्रम अब जनवरी 2025 के लिए है और छात्र अपनी पसंद के विषय का चयन कर सकते हैं जो मुक्त एवं दुरुस्त माध्यम से होगा। इसमें दाखिले के लिए अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्र स्नातक डिग्री कोर्स के अलावा स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा एंड सर्टिफिकेट के कार्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं।

# रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में विज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन

- विद्यार्थियों ने अपनी ज्ञानवर्धक क्षमताओं का लोहा मनवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव खाराखेड़ी स्थित तरॉयल इण्टरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में दो वर्गों में इण्टर-हाउस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें वर्ग ए में कक्षा चौथी एवं पांचवीं के विद्यार्थियों ने और वर्ग बी में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने अपनी ज्ञानवर्धक क्षमताओं का लोहा मनवाया। उन्होंने पृथक-पृथक प्रश्नों का उचित व त्वरित उत्तर देकर अपने अद्भूत ज्ञान से नीर-क्षीर विवेकी निर्णायक मण्डली व श्रोताओं को अचंभित करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वर्ग ए में विवेकानंद हाउस से हिमांशी, रेहान, ऋषि और अवनि ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ग बी में नेहरू हाउस के भावेश, प्रमंजय और रवि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा रिटायर्ड, स्कूल प्रबंधक विक्रमादित्य उपस्थित रहे। डॉ. ज्योत्स्ना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करो और अहर्निश लक्ष्य को मन मस्तिष्क में रखकर तदानुकूल परिश्रम करने पर आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता।

### टोचन मुकाबले देखने आए युवक की कार चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गांव चांदपुरा से एक कार चोरी कर ली। इस बारे जाखल पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के मानसा जिले के गांव रियोंद खुर्द निवासी कुलवीर सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी कार पर सवार होकर गांव चांदपुरा में हो रहे टोचन मुकाबले को देखने के लिए आया था। उसने अपनी कार को कुछ ही दूरी पर खड़ी की और मुकाबला देखने चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी कार गायब थी। इस पर उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन जब कार बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में जाखल पुलिस ने केस दर्ज कर कार की तलाश शुरू कर दी है।

# दो युवक 13.71 ग्राम हेरोइन सहित काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सीआईए सिरसा व ऐलनाबाद की पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से दो युवकों को 13 ग्राम 71 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बणी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र तेज कदमों से चलकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 ग्राम 01 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र रुप सिंह निवासी बणी नंबर 4 जिला सिरसा को रुप में हुई है।वहीं एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव भंबूर क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 70 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान आषीश कुमार उर्फ चंगा पुत्र रणजीत सिंह निवासी भंबूर जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

### मेडिकल स्टोर पर मिली 143 गोलियां व कैप्सूल

**सिरसा।** ओढां थाना ने औषधि नियंत्रक अधिकारी के साथ मेडीकल स्टोर पर जांच के दौरान 143 नशीली गोलियां व कैप्सूल मिलने पर मेडिकल संचालक को नोटिस देकर अदालत के आदेशानुसार कार्यवाही की है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए उनकी टीम ने ड्रग इंस्पेक्टर को साथ लेकर ओढां स्थित वन लाइफ मेडीकोज को चेक किया तो वहां से नशीली दवाओं का जखीरा बरामद हुआ। जिसमें मुख्य तौर पर 106 गोलियां, 36 कैप्सूल बरामद किए जाने पर मेडिकल संचालक पवनदीप सिंह पुत्र जग्गा सिंह निवासी ओढां को नोटिस देकर अदालत के आदेशानुसार कार्रवाई की गई है।

# शोध, नवाचार के लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाना जरूरी

- विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने प्राचार्य, डॉ. वरिंद्र सिंह के प्रयासों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जेसीडी मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज ने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के सौजन्य से शिक्षकों के लिए साप्ताहिक कोर्स का आयोजन किया गया। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने प्राचार्य, डॉ. वरिंद्र सिंह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि रिसर्च एवं अनुसंधान नीतियों पर आधारित यह कोर्स शिक्षकों के साथ-साथ एमटेक के छात्रों के लिए भी अत्यंत लाभदायक होगा। इस कोर्स से न केवल शिक्षकों को अपने विषय में गहराई से शोध करने की प्रेरणा मिलेगी, बल्कि एमटेक के छात्रों को भी अपने अनुसंधान कार्यों में उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वरिंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षकों को उनके विषय से संबंधित नई जानकारी प्रदान करना और उन्हें शोध की नवीनतम प्रवृत्तियों से अवगत कराना है। इस कोर्स का सफल आयोजन मैकेनिकल विभाग के अध्यक्ष, डॉ. दिनेश कुमार और इंजीनियर वीना रानी की देखरेख में किया गया।

लार्ड शिवा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# विद्यार्थी जीवन में खेलों का विशेष महत्व : बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

स्थानीय लार्ड शिवा ग्रुप आफ इंस्टीटयूट में सोमवार को तीन दिवसीय 41वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के उपप्रधान लोकेश बिश्नोई ने किया। खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए लोकेश बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का विशेष महत्व है क्योंकि खेलों में हिस्सा लेने से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होनें विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर खेल स्पर्धाओं में शामिल होने का आह्वान किया ताकि उनका सर्वांगिण विकास हो सके। डा. जगतार सिंह ने कहा कि शिक्षा और खेल एक दूसरे के पूरक है इसलिए खेलों में भाग लेने से विद्यार्थीयों की शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार आता है। उन्होनें कहा कि खेलों से विद्यार्थीयों को एक दूसरे को समझने व आपस में मिलकर कार्य करने की भावना पैदा होती है।



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

**ये रहा परिणाम**

कालेज प्रवक्ता विष्णु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम चरण में वालीवाल के मेच हुए और जिसमें वालीवाल का सेमीफाईनल मैच डीएमएलटी चतुर्थ सेमेस्टर व बीफार्म सातवें सेमेस्टर के मध्य हुआ जिसमें बीफार्म सातवें सेमेस्टर ने दोनों राउंड में जीत हासिल की। वालीवाल का फाईनल मुकाबला बीफार्म सातवें सेमेस्टर व बीफार्म प्रथम सेमेस्टर के मध्य हुआ जिसमें बीफार्म सातवें ने बीफार्म प्रथम सेमेस्टर को 11-6 से व 11-10 से करारी शिकश्त दी। उधर क्रिकेट प्रतियोगिता में फार्मेसी व डीएमएलटी कोर्स की टीमों के कुल चार मेच खेले गए जिनमें अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियो को हराकर चार टीमों ने सेमी फाईनल में प्रवेश लिया जिसमें बीफार्म पांचवे सेमेस्टर, डीएमएलटी द्वितीय सेमेस्टर व बीफार्म सातवें सेमेस्टर व डीएलएलटी चतुर्थ सेमेस्टर की टीमें शामिल हैं अब इन टीमों के मध्य सेमीफाईनल मुकाबला होना है। लडक़ों की स्लो साईक्लिंग रेस में डीएमएलटी द्वितीय सेमेस्टर के विकास ने प्रथम, डीफार्म द्वितीय वर्ष के जशनप्रीत ने दूसरा व बीफार्म सातवें सेमेस्टर के अंकुश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### चौटाला के प्राइमरी स्कूल में युवक का शव मिला

**डबवाली।** गांव चौटाला के प्राइमरी स्कूल में आज एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान गांव निवासी इंद्रपाल के रूप में हुई है। स्कूल स्टाफ ने सोमवार को जब सुबह शव देखा तो पुलिस व गांव के लोगों को सूचित किया। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि इंद्रपाल नशा करने का आदी था। एसएचओ सदर ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। उन्होंने कहा कि मृतक पहले नशा करने का आदी था लेकिन अब उसकी मौत नशे से नहीं हुई। मृतक स्कूल में क्यों और कैसे आया यह बात अभी रहस्य बनी हुई है।

### दुकान से हजारों की नकदी चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव ओटू में मेन रोड पर एक करियाने की दुकान से चोर करीब 43750 रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव ओटू निवासी गुलजारी लाल ने बताया कि बीती दोपहर को वह अपने बेटे को दुकान में बैठाकर घर नहाने के लिए गया था। इसी दौरान कोई मौका पाकर दुकान में रखे बॉक्स से 43750 रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। करीब आधे घंटे बाद आया तो 100 रुपए का नोट नीचे पड़ा था। जब वह नोट उठाकर बॉक्स में डालने लगा तो देखा कि बॉक्स में पड़ी नकदी गायब है। उसने बताय कि उक्त राशि उसने कैटरिंग वाले को देने के लिए रखी थी। उसने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### काउंसलिंग क्लासेज के संचालन को लेकर बैठक

**सिरसा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र सरकारी नेशनल महाविद्यालय, सिरसा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार ने की। बैठक में काउंसलिंग क्लासेज के संचालन पर चर्चा की गई। बैठक में सभी अकादमिक काउंसलर्स को निर्देश दिए गए।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत का मामला

# बिल न देने पर अस्पताल का डेड बॉडी देने से इनकार, परिजनों ने जाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

फतेहाबाद रोड पर बीते दिनों हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए गांव हमजापुर निवासी गुलजार उर्फ जग्गा की हिसार के निजी हस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद अस्पताल के अस्पताल संचालकों द्वारा ज्यादा बिल बनाने और बिल का भुगतान न करने पर बॉडी देने से मना करने का आरोप लगाते हुए मृतक युवक के परिजनों व ग्रामीणों ने गांव हमजापुर के पास स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम के चलते रतिया-फतेहाबाद स्टेट हाइवे जाम पर दोनों तरफ यातायात अवरूद्ध हो गया और आने-जाने वाले वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी कंवर सिंह ने जाम लगा रहे ग्रामीणों व परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। ग्रामीणों व मृतक के परिजनों ने बताया कि





रतिया। फतेहाबाद रोड पर जाम लगाकर बैठे ग्रामीण व फतेहाबाद रोड पर जाम लगाकर बैठे ग्रामीणों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

पिछले दिनों रतिया-फतेहाबाद रोड पर तूड़ी से भरी हुई अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार गुलजार सिंह को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में गुलजार उर्फ जग्गा व उसका साथी हरदीप सिंह दोनों घायल हो गए थे। गुलजार सिंह का हिसार के निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था और इलाज के दौरान गुलजार सिंह की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि हिसार के निजी अस्पताल संचालकों ने गुलजार के इलाज का बिल 1 लाख 60 हजार बना रखा है। इसमें से उन्होंने 20 हजार रुपए जमा भी करवा दिए थे, जबकि इतना बिल नहीं बनता था। हम इतना बिल देने में असमर्थ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हिसार के अस्पताल वालों ने मृतक गुलजार सिंह का शव देने से मना कर दिया और कहा कि पहले उनका बिल क्लियर किया जाए, तब बॉडी दी जाएगी। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी कंवर सिंह ने परिजनों व ग्रामीणों को समझाते हुए जाम खुलवाया और कहा कि हमने जिला के उच्च अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा है कि हम हस्पताल प्रबंधन से बात कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।



फतेहाबाद। विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों की बैठक लेती सीजेएम गायत्री। फोटो :हरिभूमि

# राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को : सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एडीआर सेंटर के मीटिंग हॉल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने विभिन्न बीमा कंपनियों के वकीलों व जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि अधिकतम राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों में समझौता करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों का निपटारा करवाने में सहयोग करने के लिए कहा। सीजेएम गायत्री ने बताया कि 8 मार्च को जिला न्यायालय परिसर फतेहाबाद में न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न प्रकार के केसों जैसे बैंक रिकवरी, दहेज उत्पीडन, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, आपराधिक अल्प मामलों, 138 एनआई एक्ट, वैवाहिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, किराया, राजस्व, मनरेगा, बिजली व पानी बिल, वन अधिनियम, आपदा मुआवजा इत्यादि व न्यायालय में विचाराधीन अत्याधिक 50 पुराने केसों को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। बैठक में ट्रैफिक पुलिस उप अधीक्षक जयपाल सिंह, डीआरओ श्यामलाल व अन्य मौजूद रहे।

# फतेहाबाद में विशेष जागरूकता कार्यक्रम 20 से 27 फरवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से फरवरी माह में नालसा स्कीम्स की जागरूकता के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जारी शैड्यूल अनुसार जिला में 20 से 27 फरवरी तक इन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**ये रहेगा शेड्यूल :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि 20 फरवरी को गांव धांगड़ में एडवोकेट मुकेश कुमार व पीएलवी गुरमीत कौर, 21 फरवरी को गांव ढाणी गोपाल में एडवोकेट श्वेता रानी व पीएलवी निर्मला रानी, 22 फरवरी को गांव बैजलपुर में एडवोकेट सुमन लता व पीएलवी मुन्नी देवी, 23 फरवरी को गांव घोटडू में एडवोकेट पूनम रानी व पीएलवी राम भतेरी, 24 फरवरी को गांव कारिया में एडवोकेट जीएस पन्नू व पीएलवी बाला रानी, 25 फरवरी को गांव ढाणी टाहलीवाली में एडवोकेट संजीव कुमार व पीएलवी राकेश कुमार, 26 फरवरी को गांव खारा खेड़ी में एडवोकेट नवीन कुमार व पीएलवी शकुंतला देवी तथा 27 फरवरी को गांव रेहन खेड़ी में एडवोकेट सुमन लता व पीएलवी अमरपती ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों बारे जागरूक करेंगे।

### निरबान में खेत से सोलर पंप मोटर चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव निरबान में किसान के खेत से सोलर पंप की मोटर चोरी हो गई। पीड़ित किसान रामनिवास ने नाथूसरी चोपटा थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि चोर रात के समय उनके खेत से मोनोब्लाक मोटर चुरा ले गए। यह मोटर उनकी माता शारदा देवी के नाम पर खरीदी गई थी। मोटर की कीमत करीब 18 हजार रुपए है। अब उसको फसल की सिंचाई के लिए भी संकट हो गया है। जांच अधिकारी ईएसआई विनोद कुमार के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरी की वारदात करने वालों की तलाश की जा रही है। क्षेत्र में पिछले कुछ समय से खेती-बाड़ी से जुड़े उपकरणों की चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे किसान दहशत में हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से खेतों और गांवों में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# जाखल में दो जगह चोरी, फ्रूट व्यापारी की दुकान से 7 लाख ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के कस्बा जाखल में रेलवे ओवरब्रिज के पास चोरों ने रात के अंधेरे में दो अलग-अलग व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। एक गोदाम से चोर 7 लाख रुपए की नकदी ले उड़े, जबकि दूसरी दुकान से लैपटॉप और डीवीआर चोरी कर ले गए हैं।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने केस दर्ज करके आगे की छानबीन शुरू कर दी है। जाखल में चोरी की ये वारदात श्री कृष्ण फ्रूट एंड वेजीटेबल सप्लायर और मुरली सीड्स की शॉप पर हुई है। फ्रूट व्यापारी संजय ने बताया कि रात साढ़े 12 बजे तक वह गोदाम में काम कर रहे थे। उनके श्रमिक सुबह साढ़े 3 बजे तक काम करने के बाद वहीं सो गए थे। दिन भर की बिक्री की राशि गोदाम में ही रखी गई थी। आमतौर पर वे रोज की कमाई बैंक में जमा करवा देते हैं। उसने बताया कि चोर उसकी अलमारी का लॉक तोड़ कर 7 लाख रुपए चुरा ले गए हैं। उसने बताया कि गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद होने के कारण चोरी की वारदात रिकॉर्ड नहीं हो पाई। संजय ने बताया कि वे देश के विभिन्न हिस्सों से फल मंगवाते हैं और उनकी पेमेंट बैंक के माध्यम से करते हैं। जाखल थाना के जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि दोनों वारदातों की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीड़ितों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है।

# स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ इंडिया ने द आर्यन स्कूल के साथ किया टाईअप

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

द आर्यन स्कूल ने बेहतरीन खेल सुविधाओं के लिए स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ इंडिया के साथ टाइअप किया गया है। सिरसा और फतेहाबाद के स्पोर्ट्स अकादमी हैड अनिल चौधरी ने बताया कि स्पोर्ट्स एकेडमी से टाइअप होने के बाद स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इतना ही नहीं सांयकालीन समय में बाहर के विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के अभिभावक भी यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है, उन्हें भी बराबर अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसी खिलाड़ी के चोटिल या अन्य अवस्था में फिजियोथेरेपिस्ट की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ डायटीशियन भी नियुक्त किया गया है, ताकि विद्यार्थी बेहतर डाइट लेकर अपने आप को फिट भी रख सकें। चौधरी ने बताया कि खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को पर्सनेलिटी डवेलपमेंट के भी गुर सिखाए जाएंगे।

# सुनील प्रधान व हरपाल सिंह बने यूनियन के सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन सीटू का जिला सम्मेलन शहीद उधम सिंह भवन सीटू कार्यालय फतेहाबाद में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन बलबीर सिंह, दर्शन सिंह, हरपाल सिंह तीन सदस्य संयुक्त अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता में हुआ जिसका संचालन सुनील कुमार और बेगराज ने किया। सम्मेलन में जिलाभर से सैंकड़ो महिला, पुरुष कर्मचारियों ने भाग लिया सम्मेलन का उद्घाटन सीटू जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने किया तथा



फतेहाबाद। जिला सम्मेलन में भाग लेते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

समापन यूनियन राज्य महासचिव विनोद कुमार ने किया। इसमें सुनील कुमार भट्टू को जिला प्रधान, हरपाल सिंह भूथन को सचिव, बलबीर सिंह बीघड़ को कोषाध्यक्ष, हरपाल सिंह टोहाना व दर्शन सिंह सिंह जाखल को उप प्रधान, अनिल कुमार बोस्ती व बेगराज को सह सचिव, पवन सिंथला, पवन बनगांव, हरपाल सिम्बल, जगदीश नूरकी, हुकम सिंह बोसवाल, कृष्ण जाखल सहित 17 सदस्यीय जिला कमेटी का चुनाव किया गया तथा चार पद रिक्त रखे गए।

### वेतन बढ़ाने की मांग

सम्मेलन को संबोधित करते हुए महासचिव विनोद कुमार ने कहा कि हरियाणा की सरकार सफाई कर्मचारियों के लिए 26 हजार वेतन की घोषणा को अमली जामा पहनाए तथा किए गए समझौते तथा घोषणा के अनुसार नए कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र करें। तमाम सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाए। अगर हरियाणा सरकार ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया तो 1 मार्च को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा तथा 8 और 9 मार्च को सिरसा में होने वाले राज्य सम्मेलन के अवसर पर अगले आंदोलन की घोषणा की जाएगी। सम्मेलन में जिला सचिव बेगराज ने 3 साल की रिपोर्ट पेश की तथा वित्त सचिव हरपाल सिंह ने लेखा जोखा पेश किया जिसको चर्चा के बाद सर्व समिति से पास किया गया और सर्व समति से जिला कमेटी का गठन किया गया।

### जिले में दो स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के गांव चारणवासी निवासी सुशील कुमार ने बताया कि वह बीती 10 फरवरी को तलवाड़ा रोड स्थित पैलेस में शादी समारोह में आया था। मोटरसाकिल बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में मूल रूप से गांव झुट्टीखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि वह हुडा सेक्टर-20 में रह रहा है। बीती 15 फरवरी की सांय को वह देवीलाल पार्क में घूमने के लिए आया था। पार्क के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली।

# विश्वास नव शारदा स्कूल में मेधावी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

विश्वास नव शारदा स्कूल में पांच मेधावी विद्यार्थियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने भूना ब्लॉक में टॉप व जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। स्कूल के छात्र प्रवेश ने 99.17 प्रतिशत, शिवम ने 95.9 प्रतिशत, आशीष ने 94.7 प्रतिशत, सिद्धार्थ ने 93.4 प्रतिशत तथा आर्यन ने 91.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय



भूना। छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य व अतिथि।

का नाम रोशन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में संचालक मंजू खुराना, प्रधानाचार्य मुकेश मोंगिया व वाइस प्रिंसिपल डॉ. सौरभ खुराना, विकास मलिक, सुमित सिंगला, अंकुर कुमार, विक्रम ने जेईई मेंस परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य मुकेश मोंगिया ने कहा हमारा लक्ष्य हर बालक-बालिका को सशक्त बनाना और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर डॉ. सूरज खुराना, नीलम गिरधर व अन्य मौजूद रहे।

# टोहाना : सेंट जोसफ स्कूल में बेबी-शो की धूम

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में बेबी-शो 3.0 का आयोजन किया गया, जिसमें 3 वर्ष से 5 वर्ष व 6 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। स्कूल प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि बेबी शो में 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत हेरिटेज सोसायटी की मुख्य प्रशासिका डॉ. श्रेया सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। मंच संचालन अध्यापिका शैली व कनिका ने किया। बेबी शो में दोनों



टोहाना। सेंट जोसफ स्कूल में आयोजित बेबी शो में भाग लेता विद्यार्थी।

कैटेगरी के बच्चों ने रैंप वॉक कर उपस्थित अभिभावकों व दर्शकों का मन मोह लिया। 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों की कैटेगरी में बेस्ट ड्रेस ज्यान व धानवी को मिला। बेस्ट रैंप वॉक दित्या व बेस्ट स्माइल का अवार्ड तनवी शर्मा को मिला। 6 वर्ष से 10 वर्ष की कैटेगरी में बेस्ट ड्रेस इशांत व गीतांशी, बेस्ट रैंप वॉक एंजल तथा बेस्ट स्माइल का अवार्ड अनाया को मिला। प्राचार्या मारियालीन लुइस ने बताया कि बेबी शो में कुछ सरप्राइज गिफ्ट भी रखे गए थे। इसमें सभी बच्चों के कुपन का लक्की ड्रा निकाला गया। भाविन लक्की ड्रा में विजेता रहे। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि अर्ली बर्ड यानी सबसे पहले कार्यक्रम में पहुंचने वाले बच्चे गुरसांझ को सम्मानित किया।

### मन को संभाल लो जीवन सुधर जाएगा: जैन मुनि

**रतिया।** जैन स्थानक में विराजमान मनीष मुनि महाराज व अतिमुक्त मुनि महाराज ठाणे 3 ने कहा है कि मन को नियंत्रण कर लो, जीवन सुधर जाएगा। ये मन ही तो है जो पाप, पुण्य कराता है। जीवन को नेक और अनेक रास्तों पर ले जाता है। इसलिए कहा है की मन के हारे हार, मन की जीते जीत। जैन मुनि महाराज मंडी रोड स्थित जैन स्थानक में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मन की पवित्रता से जीवन आगे बढ़ता है, क्योंकि जीवन में मन ही है जो भटकता है और जीवन को भी भटकाता है। यदि वह अपने वश में हो जाता है तो सब कुछ सही रहता है। जीवन का उत्थान होता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

कार्यक्रम | श्री गीता भवन का वार्षिक महोत्सव : पंच दिवसीय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ आज से प्रारंभ

# शिव पुराण कोई किस्से कहानियां नहीं, ज्ञान यज्ञ है : महात्मा

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

मॉडल टाऊन स्थित श्री गीता भवन में आयोजित शिव महापुराण की कथा का सोमवार को शुभारंभ हुआ। शुभारंभ करते हुए डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि पुराण कथाएं केवल नाचना गाना नहीं, सदाचारी जीवन बनाने की कला है। हमें अज्ञानी होकर नहीं जीना। चाहे कर्मकांड करें या भक्ति। अंधेरा जहां भी रहेगा, ठोकरों का ही कारण बनेगा। क्या मंदिर या गुरू जी के



फतेहाबाद। शिव महापुराण का शुभारंभ करते स्वामी दिव्यानंद जी महाराज।

पास भी रह रहे हों किंतु यदि लाइट चली जाए तो क्या ठोकर नहीं लगेगी? अज्ञानी बने रहे तो भटकाव रहेगा ही। स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि कथा प्रवचनों में भी भक्ति की बातें बहुत कम और भ्रमित करने वाली बातें अधिक होंगी। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण विशेष रूप से मन की शुद्धि के लिए है, वहमबाजी का कचरा भरने के लिए नहीं।

### शिव का अर्थ कल्याण

शिव का अर्थ कल्याण होता है, इसलिए शिव की कथा कल्याणकारी होती है। ऐसी कथाएं केवल अयोजन या फंक्शन मत बनाओ। इनमें मनोरंजन मत ढूंढो। कथा सुनकर जीवन बदलो यहां से कुछ लेकर ही जाओ। उन्होंने कहा कि प्रभु ने हमें मानव जीवन दिया है। आसुरी- पशु भाव का परित्याग करो। मानवता के गुणों के धारण करो।

इस अवसर पर मधु जैन, इशान रोहतक द्वारा गीतेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक हुआ। इस अवसर पर प्रधान राजीव बतरा, सुभाष बतरा, राजीव चौधरी, संजीव बतरा, नरेश सरदाना, नरेंद्र बेनीवाल, सागर जताना, बसंत लाल मुंजाल ने पूजा कर आशीर्वाद लिया।